समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• अक्तूबर २०२१ • वर्ष ७२ • अंक १०

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

१७ अक्तूबर २०२१ को आयोजित अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की वार्षिक साधारण सभा में (ऊपर, बायें से - जूम पर) राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अशोक जालान, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नंदलाल रूँगटा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार सुरेका, (नीचे, बायें से - केन्द्रीय कार्यालय सभागार में) संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्रीद्वय श्री गोपाल अग्रवाल एवं श्री सुदेश अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका, वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन श्री आत्माराम सोंथलिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री दामोदर बिदावतका तथा सूचना-तकनीक एवं वेबसाइट उपसमिति के चेयरमैन श्री कैलाशपति तोदी।

इस अंक में :

- **अध्यक्षीय :** हमारा युवा वर्ग समाज का गौरव है
- **सम्पादकीय :** आज के समाज का दर्पण
- **रपट :** वार्षिक साधारण सभा, प्रादेशिक गतिविधियाँ - बिहार, उत्कल, झारखंड, दिल्ली, छत्तीसगढ़ एवं पूर्वोत्तर
- सम्मेलन में नये सदस्यों का स्वागत

विजयदशमी एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें !

www.rungtasteel.com

Rungta Mines Limited
Chaibasa

KYONKI
GHAR
HAR ROZ
NAHI BANTA

RUNGTA STEEL®
TMT BAR

EKDUM SOLID!

thumbprint/RS/E/1

STEEL DIVISION
RUNGTA CHAMBERS
S.M.H.M.V. COMPLEX, CHAIBASA - 833201
WEST SINGHBHUM, JHARKHAND, INDIA

Toll Free:
1800 890 5121
E-mail: tmtmkt@rungtamines.com

समाज विकास

◆ अक्तूबर २०२१ ◆ वर्ष ७२ ◆ अंक १०
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

अनुक्रमणिका

शीर्षक	पृष्ठ संख्या
● **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया** आज के समाज का दर्पण	४-५
● **अध्यक्षीय : गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** हमारा युवा वर्ग समाज का गौरव है	६-७
● **रपट –**	
वार्षिक साधारण सभा	८-९
बिहार सम्मेलन	१०
उत्कल सम्मेलन	१५
झारखंड सम्मेलन	१६
● प्रादेशिक समाचार	१७-१८
● **देव-स्तुति : डॉ. जुगल किशोर सर्राफ**	१९
● सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत	२०-२२

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
All India Marwari Federation

प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
फोन : ०३३-४००४ ४०८९

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ सम्पादक : शिव कुमार लोहिया

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

प्रेरक प्रसंग

संघर्ष

एक किसान बहुत परेशान था। कभी बाढ़ आ जाये, कभी सूखा पड़ जाए, कभी धूप बहुत तेज हो जाए तो कभी ओले पड़ जायें। कई बार किसी न किसी कारण से उसकी फसल थोड़ी खराब हो जाती थी। तंग आ कर उसने एक दिन परमात्मा से कहा – देखिये प्रभु, मानता हूँ कि आप परमात्मा हैं, लेकिन लगता है आपको खेती-बाड़ी की ज्यादा जानकारी नहीं है। एक प्रार्थना है कि एक साल मुझे मौका दीजिये, जैसा मैं चाहूँ वैसा मौसम हो, फिर आप देखना मै कैसे अन्न के भण्डार भर दूँगा। परमात्मा मुस्कुराये और कहा – ठीक है, अगले एक साल मौसम तुम्हारी इच्छानुसार रहेगा, मैं दखल नहीं दूँगा।

अब, किसान ने गेहूँ की फसल बोई। जब धूप चाही, तब धूप मिली; जब पानी चाही, तब पानी। तेज धूप, ओले, बाढ़, आँधी तो उसने आने ही नहीं दी। समय के साथ फसल बढ़ी और किसान की ख़ुशी भी क्योंकि ऐसी फसल तो आज तक नहीं हुई थी। किसान ने मन ही मन सोचा अब पता चलेगा परमात्मा को कि फसल कैसे करते हैं, बेकार ही इतने बरस हम किसानों को परेशान करते रहे।

फसल काटने का समय आया, किसान बड़े गर्व से फसल काटने गया। लेकिन यह क्या, जैसे ही फसल काटनी शुरू की एकदम से छाती पर हाथ रख कर बैठ गया! गेहूँ की एक भी बाली के अन्दर दाना नहीं था, सारी बालियाँ अन्दर से खाली थी। बहुत दुखी होकर उसने परमात्मा से कहा – प्रभु ये क्या हुआ?

तब परमात्मा बोले – ये तो होना ही था, तुमने पौधों को संघर्ष का ज़रा सा भी मौका नहीं दिया। ना तेज धूप में उनको तपने दिया, ना आँधी-ओलों से जूझने दिया, उनको किसी प्रकार की चुनौती का अहसास जरा भी नहीं होने दिया, इसीलिए सब पौधे खोखले रह गए। जब आँधी आती है, तेज बारिश होती है, ओले गिरते हैं तब पौधा अपने बल से ही तो खड़ा रहता है, अपना अस्तित्व बचाने को संघर्ष करता है। इस संघर्ष से जो बल पैदा होता है वो ही उसे शक्ति देता है, उर्जा देता है, उसकी जीवट ता को उभारता है। सोने को भी कुंदन बनने के लिए आग में तपने, हथौड़ी से पिटने, गलने जैसी चुनोतियों से गुजरना पड़ता है, तभी उसकी स्वर्णिम आभा उभरती है जो उसे अनमोल बनाती है। **जिंदगी में भी अगर संघर्ष ना हो, चुनौती ना हो तो आदमी खोखला ही रह जाता है, उसके अन्दर कोई गुण नहीं आ पाता। ये चुनौतियाँ ही हैं जो आदमी रूपी तलवार को धार देती हैं, उसे सशक्त, प्रतिभाशाली और प्रखर बनाती हैं।**

आज के समाज का दर्पण

यह ध्रुव सत्य है कि इस गतिशील जगत में निरंतर बदलाव ही स्थिर है। हमारी आँखो के सामने शनैः-शनैः यह बदलाव घटित होता रहता है। मनुष्य के पास बदलाव करने की शक्ति एवं बुद्धि है। चुनौती है इस बदलाव का हमारे जीवन में या जगत में उल्टा असर न हो। अक्सर यह देखा जाता है कि बदलाव को हमारे जीवन में हम सही ढंग से नहीं अपना पाते। हम यह याद नहीं रख पाते कि इस बदलते हुए जगत में कुछ बुनियादी बाते हैं, उन्हें बदलने में हमारी हानि ही हानि है। **मानवता के नैसर्गिक गुण, उनका स्वास्थ्य संबंधी आधार जो हमारे संस्कार एवं संस्कृति में समाये एवं संजोए हुए हैं, इन्हें बदलने के दूरगामी असर होते हैं। ये हमारी जड़े हैं। जड़ों के साथ छेड़-छाड़ करना हमारे लिये अहितकर ही सिद्ध होगा।**

समाज में आज हमारी वेष-भूषा, रहन-सहन, खान-पान, आचार-व्यवहार एवं सोच-विचार में परिवर्तन आया है। परिवार के मापदंड बदल रहे हैं। युगों-युगों से समाज में संयुक्त परिवार का चलन था। दादा, ताऊ, चाचा, दादी, ताई, चाची, माता-पिता सब एक सूत्र में बँधे एक परिवार में ही रहते थे। एक दूसरे से आपसी लगाव एवं प्रेम रहता था। अब इन रिश्तों की अहमियत हम खोते जा रहे हैं। हम दो - हमारे दो के अलावा माता-पिता को परिवार में स्थान मिला हुआ है। अधिकांश परिवारों में आवश्यकतानुसार उनका उपयोग किया जाता है। उनके भावनाओं एवं मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जो अनुभूति पहले परिवार में रहा करती थी, वह प्रायः नदारद होती जा रही है। उनकी जरूरतों को तब तक ही तवज्जो दिया जाता है, जब तक किसी भी प्रकार से परिवार में उनकी उपयोगिता रहती है। अन्यथा वे एकाकी जीवन जीने को मजबूर रहते हैं। मानव सभ्यता की यह बड़ी त्रासदी है। इसी कारण देश में चारों तरफ वृद्धाश्रम खुल रहे है। जहाँ इन्हें हमउम्र लोगों का साथ मिल जाता है, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यावश्यक है। हम दो हमारे दो के अलावा औकात के अनुसार दोस्तों, यारों की मंडली स्वतः ही बन जाती है। **हम सभी जानते हैं कि एक समय था जब दोस्ती या रिश्ते निभाने में मनुष्य सब कुछ करने को प्रस्तुत रहता था। बाद में रिश्तों एवं दोस्तों से मतलब साधने का दौर आया। अब तो हालात यह है कि मतलब साधने के लिये ही रिश्ते और दोस्त बनाये जाते हैं। अगर आप गरीब या तथाकथित असफल हैं तो आपके दोस्त नहीं बनेंगे। आपके रिश्तेदार भी आपसे कन्नी काटेंगे। सफलता या धन प्राप्त होने पर अपने आप रिश्तेदारों एवं दोस्तों का हुजूम जुड़ जाता है।**

सोशल मीडिया के युग मे दोस्तों की एक नई श्रेणी का ईजाद हुआ है। वह है फेसबुक फ्रेंड। देखने को पाँच हजार फ्रेंड बन जाते हैं। आपकी हैसियत है तो ट्विटर पर हजारों फोलोअर बन जायेंगे। वाट्सअप पर २४ घंटे संदेशों की भरमार रहती है। इन सब के मध्य भी व्यक्ति नितांत अकेला है। अपनी शेखी बधारने या अहंतुष्टि के लिये भिन्न-भिन्न सेल्फी एवं तस्वीरें चिपकाई जाती हैं। थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में यह देखा जाता है कि कितने लाइक मिले हैं। कृत्रिम हँसी के साथ मनुष्य कृत्रिम जीवन अपनाने का पथ स्वयं के लिये चुनता जा रहा है। ऐसे व्यक्तियों का परिचय इन पक्तियों से प्राप्त होता है –

चेहरे पर फेसबुक की रौनक
दिल वाट्सअप हुआ जा रहा है,
ट्विटर और ईंस्टाग्राम से जुड़ कर
इंसान सोशल हुआ जा रहा है।

घर में महिलाओं के बीच देवरानी-जिठानी के रिश्तों की अदब एवं मिठास खत्म होती जा रही हैं। बुजुर्गों की घर में अनसुनी की जाती है। साधारणतः महिलाएँ अपने बच्चों एवं पति को ही अपने परिवार का अंग मानती हैं। देवरानी-जिठानी के संबंधों को निभाने की कोई आवश्यकता ही नहीं समझी जाती। प्रारम्भ से ही यह सीख मिली रहती है कि जिठानी-देवरानी में निभ नहीं सकती। किसी भी बात को लेकर तिक्तता पैदा हो जाय, तो उसे गाँठ बाँध कर महिलाएँ पल्लू मे लटका कर घूमती हैं। छोटी-छोटी बातें समय पाकर स्वतः ही विशाल रूप धारण कर लेती हैं। बोल-चाल बंद होने पर उन्हें बहुत बड़ी शांति मिलती है – चलो पिंड छूटा। इसका असर घर में भाईयों के रिश्तों पर सीधे-सीधे पड़ता है। चाहकर भी भाई-भाई आपस में प्रेम से नहीं रह सकते। कान भरने का यंत्र अनवरत चलायमान रहता है। महिलायें निरंतर पीहर से हाटलाइन पर व्यस्त रहती हैं। हालत यह है कि उन्हें पीहरवालों में कोई दोष नहीं दीखता एवं ससुरालवालों में कोई गुण। घर में अगर ननद अनब्याही है तो बेसब्री से उसके विवाह का इन्तजार रहता है।

जिस छोटे परिवार की हम बात कर रहे हैं, उसमें सब समय बच्चे एवं महिलायें पुरुषों की दूसरों के साथ तुलना

करते रहते हैं। पुरुष की कमाई एवं स्थिति के अनुसार परिवार में उसका मान रहता है। कमाई अगर आकर्षक नहीं है तो उसकी हालत दयनीय रहती है। बड़े होने पर बच्चे घर में मेहमान बन कर रहते हैं। सब समय उन्हें यही चिंता रहती है कि उनके दोस्तों मे उनकी हेठी न हो। इन बच्चों की भी विस्तृत एवं आधुनिक मित्रमंडली बन जाती है। इनमें अपनी-अपनी वेष-भूषा, गाड़ी एवं अन्य वस्तुओं द्वारा एक-दूसरे को प्रभावित करने की होड़ लगी रहती है। वे मोबाइल, लैपटॉप, टी.वी. में सारे दिन व्यस्त रहते हैं। युवावस्था से ही ये बच्चे चमक-दमक की जिंदगी बिताने के अभ्यस्त हो जाते हैं। स्वयं को वे सदैव 'कम्फोर्ट जोन' में रखना चाहते हैं। आये दिन दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, पार्टी लगा रहता है। मजे की बात यह है कि आधुनिक अभिभावक परोक्ष रूप से अपने बच्चों की दिनचर्या पर गर्व महसूस करते हैं। उनका सोचना है कि उनकी मित्रमंडली ही उनके बच्चों के लिये सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगी।

एक समय था जब घर को मंदिर की संज्ञा दी जाती थी। पूजाघर में दोनों वक्त भोग लगाकर ही प्रसाद पाया जाता था। छोटे से लेकर बड़ों तक सब पर यह लागू होता था। वर्तमान में बच्चों का घर में सोने-उठने, खाने-पीने, नहाने-धोने का समय पूर्ण रूप से अनिश्चित है। इस क्षेत्र में भी पूरी स्वतत्रंता है। सभी प्रकार के संस्कारों एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ताक पर रख दिया जाता है। माता-पिता जो परिवार के अन्य सदस्यों के साथ स्वछंदता से पेश आते है, अपने बच्चों के सामने भीगी बिल्ली बने रहते हैं। ये बच्चे अपनी मित्रमंडली में रहते-रहते तरह-तरह के व्यसनों के आदी हो जाते हैं। विवाह की जो स्वास्थ्य की दृष्टि से आदर्श आयु होती है, उसको पार कर अपनी स्वच्छंदता में रमण करते रहते हैं। इस पहलू का समाज पर आने वाले समय में जो असर होगा, उसकी कल्पना दुखद हैं। **लड़की के माँ-बाप को अगर अपने पुत्री के संबंध खोजने का अवसर मिल पाता है तो ऐसे दामाद की खोज में रहते है जो मद्यपान नहीं करता। वह दिन दूर नहीं जब ऐसे लड़के चिराग लेकर खोजने से भी नही मिलेंगे।** इस व्यसन के व्यापक प्रभाव का अंदाजा एक दृष्टांत से लगाया जा सकता है।

एक बार कवि कालिदास बाजार में घूमने निकले। एक स्त्री घड़ा और कुछ कटोरियाँ लेकर ग्राहकों के इन्तजार में बैठी थी। कविराज ने पास जाकर पूछा – "बहन! तुम क्या बेचती हो?"

"मैं पाप बेचती हूँ, मैं स्वयं लोगों से कहती हूँ कि मेरे पास पाप है, मर्जी हो तो ले लो, अन्यथा कोई बात नहीं। फिर भी लोग मुझ से पाप खरीद लेते हैं।" कालिदास की उत्सुकता बढ़ गई और पूछा – "घड़े मे कोई पाप होता है?"

"जरूर होता है। **मेरे इस घड़े में आठ पाप भरे हुए हैं- – १. बुद्धिनाश, २. पागलपन, ३. सद्‌गुणों का नाश, ४. लगई-झगड़े, ५. सुखों का अंत, ६. नर्क में ले जाने वाले सब दुष्कृत्य, ७. बेहोशी, ८. विवेक का नाश।**"

"अरे बहन! आखिर है क्या तुम्हारे इस घड़े में, यह तो बताओ।"

वह स्त्री बोली – "**शराब! शराब!! शराब!!! यह शराब सब पापों की जननी है। मद्यपान करने वाले इनका शिकार बन जाते हैं।**

इस प्रकार हम समझ सकते हैं कि जाने-अनजाने हम जिस ओर अग्रसर हो रहे हैं, उसकी परिणति आखिरकार क्या होने वाली है। मद्यपान अब प्रगति एवं आधुनिकता का द्योतक होने के साथ-साथ 'स्टेटस सिंबल' भी बन गया है। मद्यपान नहीं करनेवालों को "पिछड़ा", एवं "दकियानूसी" करार दिया जाता है।

व्यापार के नाम पर अब लोग अपनी देनदारी के प्रति किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता नहीं रखते हैं। अधिकांश लोगों का एक हाथ दूसरों के पाकेट में है। ये व्यक्ति ही धार्मिक आयोजनों, शादी-विवाह के अवसरों पर अनाप-शनाप खर्चा एवं दिखावा, आये दिन भिन्न-भिन्न बहानों से पार्टियाँ आयोजित करने में अपनी शान समझते हैं। कीर्तन मंडली, निशान उठाना, सवारी निकालना, धार्मिक टूरिज्म अब फैशन बन चुके हैं। भागवत कथा, शिव पुराण एवं अन्य प्रकार के वृहद धार्मिक आयोजन के लिये अब अनेकानेक मंहत, कथावाचक, व्यासपीठेश्वर मंडली उपलब्ध हैं जो सीधे स्वर्ग की टिकट काटने की क्षमता का दावा करते हैं। अपने प्रवचन में तो ये कहते है कि माया पापिनी, इससे दूर रहो, परन्तु स्वयं ही अव बुरी तरह से पापाधीन हो गए हैं।

इन विषयों पर अलग-अलग विशद चर्चा की जा सकती है लेकिन यह चर्चा उनके साथ ही हो सकती है जो कि कबीर के शब्दों में – "जो घर फूँके आपणो चले हमारे साथ", में विश्वास रखते हैं।' हवा के रुख को हम मोड़ नहीं सकते। किन्तु हम अपने जीवन रूपी नौका के पाल के रुख को बदल सकते है ताकि हम अपनी मंजिल प्राप्त कर सकें। **इन हालातों से मुकाबला करने का जो एकमात्र उपाय दीख पड़ता है – वह है हमारे संस्कारों एवं संस्कृति की पुनर्स्थापना। इसमें भी प्रवचन से काम नही चलेगा। हमें उदाहरण बनना पड़ेगा। तभी जाकर बात बनेगी। इस दिशा में प्रयास की नितांत आवश्यकता है, मेरी समझ में इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं।**

शिव कुमार लोहिया

अध्यक्षीय

हमारा युवा वर्ग समाज का गौरव है

– गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया

स्नेही-सुधी समाजबंधु,

हमें गर्व है अपने समाज के युवा वर्ग पर जिसने समाज की प्रतिष्ठा में उत्तरोत्तर वृद्धि की है। व्यवसाय, वाणिज्य, उद्यम, उद्योग, प्रशासनिक सेवा आदि हर क्षेत्र में युवा वर्ग ने समाज की सकारात्मक उपस्थिति दर्ज कराई है। नये-नये विचारों, विकल्पों, सुझावों के साथ वे अपने उद्यम में प्रवेश कर रहे हैं। चार्टर्ड एकाउंटेंट्स में अपने समाज का आधिपत्य सा है, बच्चियों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने को आंदोलन के रूप में लेने वाली समाज की बेटी नन्दिनी अग्रवाल ने इस वर्ष सी.ए. की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कुछ विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त हस्तियों की सूची मैं आपलोगों के ध्यानार्थ यहाँ दे रहा हूँ।

नंदिनी अग्रवाल: सी.ए. परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर पहला स्थान।

मृदुल अग्रवाल: जे.ई.ई. एड्वांस्ड में अखिल भारतीय स्तर पर पहला स्थान।

अंकिता जैन: यू.पी.एस.सी. प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान।

यश जालुका: यू.पी.एस.सी. प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर चतुर्थ स्थान।

रुचिका कन्दोई: मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन – फर्स्ट रनर्स अप।

डॉ. हर्षा चौधरी: ओरल कैन्सर में पी.एच.डी.।

शीतल जैन: आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी एम.सी.आर. प्रेसिडेन्ट।

जागृति सिंगला: डायरेक्टर, नीति आयोग।

पराग अग्रवाल: सी.ई.ओ., ट्विटर।

प्रकाश हेतमसरिया: सिंगापुर के राष्ट्रपति द्वारा लोकसेवा पदक।

सृजन केडिया: गोल्ड मेडलिस्ट आई.आई.टी. खड़गपुर, पी.एच.डी. स्टानफोर्ड यूनिवर्सिटी, अब एसोसिएट प्रोफेसर आई.आई.टी. जार्जिया, फोर्ब्स इंडिया के 'थर्टी अंडर थर्टी' सूची में विजेता।

राखी जैन: नेशनल प्रेसिडेंट जे.सी.आई., जे.सी.आई. इंटरनेशनल की वाईस प्रेसिडेंट निर्वाचित।

शालिनी खेमका: 'कमांडर आफ द आर्डर आफ ब्रिटिश इम्पायर' से सम्मानित।

प्रशासनिक सेवा में भी आज बहुत से महत्वपूर्ण पदों पर समाज का युवा वर्ग समाज की गरिमा बढ़ा रहा है। पुलिस प्रशासन में जहाँ पहले अपनी उपस्थिति नगण्य रहती थी, आज वहाँ पर भी उपस्थिति अच्छी है।

सेना में भी राजपूत राइफल तथा जाट रेजिमेंट देश की सुरक्षा में जी–जान से लगा हुआ है। राजनीति में अभी भी हमारी उपस्थिति संतोषजनक नहीं है। इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। नये-नये स्टार्टअप आ रहे हैं, उसमें भी हमारी अच्छी–खासी भागीदारी है। समाज के लिए युवा वर्ग का यह सकारात्मक पहलू है।

हर समाज में अच्छाई के साथ साथ कुरीतियाँ भी हैं। अपना समाज भी उससे अछूता नहीं है। युवा वर्ग से मैं यह अपेक्षा रखता हूँ कि समाज में आ रही कुरीतियों के निवारण में सहयोग करें। युवा वर्ग इस कार्य को बेहतर ढंग से निपटा सकता है। कुछ कुरीतियों का में यहाँ उल्लेख करना चाहूँगा –

१. प्री-वेडिंग फोटो शूट।
२. सडकों पर नाचना, गाना तथा बैंड-बाजा वालों पर पैसे उछालना।
३. पाखंड एवं दिखावा।
४. सामाजिक समारोहों में ड्रेस कोड।
५. समारोह स्थल पर मद्यपान।
६. वैवाहिक जीवन में बढ़ती कटुता।
७. बुजुर्गों के प्रति घटता सम्मान।

इधर पिछले कुछ सालों से प्रचलन चल पड़ा है प्री-वेडिंग शूट का। शादी से पहले ही होनेवाले दूल्हा-दुलहन फोटग्राफर की टीम के साथ किसी अन्य स्थान पर जाकर विभिन्न प्रकार के पोजों में फोटो खिंचवाकर पूरी फिल्म बनाते हैं। इसमें आपसी सान्निध्य की ऐसी तस्वीरें भी रहती हैं जिन्हें आपत्तिजनक कहा जा सकता है। अपने बुजुर्गों के सामने कोई पति-पत्नी विवाह के बाद भी उस प्रकार नहीं दिख सकता। इस प्री-वेडिंग शूट की फिल्म को देखने हेतु सभी को आमंत्रित किया जाता है, जिसमें परिवार के बुजुर्ग एवं रिश्तेदार भी रहते हैं जो किसी भी दृष्टिकोण से शोभनीय नहीं लगता।

सड़कों पर नाचना, गाना एवं बैंड-बाजा वालों पर पैसे उछालना किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देता। मर्द और औरतें सब नाचते हैं, मार्ग भी अवरुद्ध हो जाता है, जो कि एक सुशिक्षित नागरिक की हैसियत से स्वीकार्य नहीं है। विवाहस्थल पर जाकर नाचे-गायें, वह ज्यादा उचित है। सामाजिक शुचिता का पालन करना चाहिए।

पाखंड और दिखावा आज नया नहीं है। वर्षों से होता आ रहा है। समाज में अपनी प्रतिष्ठा हेतु हम अपनी औकात से अधिक खर्च करने में कोई परहेज नहीं करते, इसके लिए सिर पर ऋण भी चढ़ जाता है। आजकल इस दिखावे-पाखंड का कोई मापदंड नहीं रहा है। आजकल के विवाहों में होने वाले खर्च का अधिकांश हिस्सा इस दिखावे की भेंट चढ़ जाता है और कोई भी

पक्ष लाभान्वित नहीं होता। एक-एक बात को यहाँ गिनाने की आवश्यकता नहीं है, आप सभी इस दिखावे से वाकिफ हैं। हर सामान की नये-नये तरीके से पैकिंग पर भी बहुत खर्च आता है। बाद में वह पैकिंग का सामान कूड़े की भेंट चढ़ता है।

समारोह में ड्रेस कोड का आजकल नया प्रचलन चला है। ज्यादातर ऐसे समारोह अपने रहने से परे अन्य स्थान पर आयोजित होते हैं। समारोह के हर कार्यक्रम में ड्रेस कोड यानी समारोह में शामिल होने वाले सभी लोग एक ही प्रकार तथा एक ही रंग की ड्रेस पहनेंगे जैसे कोई बैंड पार्टी या होटल के बैरे हों। नई-नई ड्रेस सिलवाने-बनवाने का मतलब हजारों रुपयों का खर्च सिर पर आ जाना है। कुछ रिश्तेदार चाहकर भी उस कार्यक्रम से अपने को दूर रखना चाहेंगे - कोई भी बहाना बनाकर। हमारा संस्कार है सादा रहन-सहन का - पर यथार्थ में ऐसा कुछ नहीं रहा, सब चला गया। यदि किसी की उपस्थिति के बजाय उसका पहनावा आपको ज्यादा प्रिय है - पहनावा नहीं तो उपस्थिति नहीं – तो यह किसी को शर्मिदा एवं अपमानित करने की बात है। मेरा यह विचार है कि हमें इन नई कुरीतियों से बचना चाहिए।

सामाजिक समारोहों में धार्मिक संस्कारों के बीच मद्यपान होना धर्मविरुद्ध एवं अमर्यादित कार्य है। एक तो मद्यपान अपने आप में बुरा है फिर धार्मिक संस्कारों के पुनीत–पावन अवसरों पर मद्यपान का आयोजन अशोभनीय है। यह बड़प्पन की बात नहीं है अपितु संस्कारविहीनता की बात है। हमें अपने सनातन धर्म की छत्रछाया में रहना है। इससे विलग होंगे तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा।

देखा-देखी हर कोई अपने कार्यक्रम में नयापन लाने का प्रयत्न करता है। इन सब में पैसे की बहुत बर्बादी होती है। जिसके पास अथाह साधन है उसके लिए कोई हर्ज नहीं परन्तु कम साधनसंपन्न व्यक्ति इन सबसे बहुत प्रभावित होता है और आर्थिक रूप से टूट जाता है। परन्तु समाज में अपनी साख बनाये रखने के लिए लाचारीवश वह ऐसा करता है। मेरी तो बराबर यह मान्यता रही है कि हमें अपने सामर्थ्य के अनुरूप अपने समारोहों में खर्च करना चाहिये।

वैवाहिक सम्बन्धों में कटुता एवं परिवार में बुजुर्गों के प्रति घटता सम्मान हम सबके लिए चिन्ता एवं चिंतन का विषय है। सम्मेलन बराबर अपनी तरफ से प्रयास कर रहा है। सम्मेलन अपनी बात अपनी तरफ से अपील के माध्यम से, गोष्ठियों द्वारा या सभाओं द्वारा ही रख सकता है। मैं युवा साथियों से भी अपील करता हूँ कि समाज की इन कुरीतियों के निराकरण में अपना बहुमूल्य सहयोग दें। युवावर्ग अगर मन बना लेता है तो सारी समस्याएँ सुलझ जाएँगी। इन कुरीतियों का सामना करने में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की महती भूमिका है। युवा वर्ग एवं महिला शक्ति के सहयोग से ही हम सकारात्मक परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। हमारा युवा वर्ग एवं मातृशक्ति हमारा गौरव है, सभी के सामूहिक प्रयास से ही हम समाज सुधार के कार्यक्रम को अपेक्षित गति दे पाएँगे।

आप सभी को शक्ति के प्रतीक नवरात्र पर्व एवं असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक विजयदशमी पर्व की बहुत-बहुत बधाई।

जय समाज, जय युवाशक्ति, जय मातृशक्ति, जय हिन्द!

समाचार सार

१६ अक्टूबर २०२१ : छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया के सभापतित्व में छत्तीसगढ़ सम्मेलन की एक बैठक प्रादेशिक महामंत्री श्री अमर बंसल के निवासस्थान पर आयोजित की गई। बैठक में श्री नारायण भुसानिया सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी के रूप में चुने गए।

सोच भले नई हो, संस्कार पुराने ही रखें : गोवर्धन गाड़ोदिया

"बदलते समय के साथ परिवर्तन अवश्यम्भावी है। बदलती परिस्थितियों में समय की आवश्यकताओं के अनुसार भले आपको अपनी सोच नई करनी पड़े, अपने संस्कार पुराने ही रखें – अपनी सभ्यता-संस्कृति और गौरवमयी परम्पराओं के अनुरूप।" ये उद्‌गार अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने गत १७ अक्टूबर २०२१ को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित सम्मेलन की वार्षिक साधारण सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने जिन्दगी के हर पहलू पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है, फिर भी हमें अपना दृष्टिकोण सकारात्मक बनाये रखना चाहिए और कोरोना से जीतने की हर कोशिश करनी चाहिए। श्री गाड़ोदिया ने कहा कि **हर कोशिश को भले सफलता न मिले लेकिन हर सफलता का कारण कोशिश ही होती है।**

सभा में सर्वप्रथम श्री गाड़ोदिया ने सबका स्वागत किया, विजयदशमी की शुभकामनायें और लक्ष्मी पूजा, काली पूजा, दीपावली तथा छठ की अग्रिम बधाइयाँ दी। सम्मेलन के हालिया कार्यकलापों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष २०२०-२१ में **विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, झारखंड एवं कर्नाटक प्रादेशिक शाखाओं ने सदस्यता-विस्तार के क्षेत्र में अच्छे परिणाम प्राप्त किए हैं।** पश्चिम बंग, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, उत्कल, पूर्वोत्तर एवं बिहार में भी प्रगति हुई है।

श्री गाड़ोदिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में उद्योग-व्यापार की अपनी परम्परागत परिधि से बाहर निकल अपने समाज के युवक-युवतियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहराया है और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सी.ए. फाईनल की परीक्षा में प्रथम **सुश्री नंदिनी अग्रवाल** एवं जे.ई.ई. इंट्रेस एक्जाम में प्रथम **श्री मृदुल अग्रवाल** का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यू.पी.एस.सी. परीक्षा में भी समाज के सफल प्रतिभागियों का प्रतिशत बढ़ा है। श्री गाड़ोदिया ने इन परिणामों को अत्यंत उत्साहवर्धक बताया।

सभा को सम्बोधित करते हुए सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने कहा कि गत वर्षों में सम्मेलन की गतिविधियों में सक्रियता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रांत स्तर पर सम्मेलन के साथ मारवाड़ी युवा मंच से आए हुए लोग जुड़े हैं और विभिन्न स्तर पर नेतृत्व भी दे रहे हैं, यह अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन से भी पूर्ण समन्वय रखने और कदम से कदम मिलाकर चलने का हर सम्भव प्रयास होना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों में सम्मेलन के बैनर तले वैवाहिक परिचय सम्मेलनों और सामूहिक विवाहों के आयोजन में कमी आई है, इस पर भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के इतिहास-लेखन का कार्य लंबित पड़ा है जिसे पूरा करने की जरूरत है।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नंदलाल रूँगटा** ने अपने सम्बोधन में संगठन, समाज सुधार और सेवा को सम्मेलन की गतिविधियों का मूल बताया। सम्मेलन के रोजगार सहायता कार्यक्रम और उसके चैयरमैन श्री दिनेश जैन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को रोजगार देने का अर्थ एक परिवार को स्वावलम्बी बनाना है और आज के युग में यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगठन विस्तार के विषय में चर्चा करते हुए श्री रूँगटा ने कहा कि पिछले दो-तीन सत्रों में सम्मेलन की सदस्यता में बहुत अच्छी वृद्धि हुई है, यह बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि सदस्यता-विस्तार के साथ-साथ सदस्यों की सक्रियता भी बहुत जरूरी है क्योंकि इसी से हमारे भावी नेतृत्व की नींव पड़ती है।

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने वर्तमान परिस्थितियों में कोरोना-राहत सेवाकार्यों को महत्वपूर्ण बताया और सभी से स्वयं टीका लगवाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया। उन्होंने सलाह दी कि समाज के विवाहयोग्य युवक-युवतियों का विवरण देती एक वेबसाईट की स्थापना करनी चाहिए जिससे अभिभावकों को विवाह हेतु पात्रों/

केन्द्रीय कार्यालय सभागार से बैठक में भाग लेते (बायें से) राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्रीद्वय श्री गोपाल अग्रवाल एवं श्री सुदेश अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका, वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन श्री आत्माराम सोन्थलिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री दामोदर विदावतका तथा सूचना तकनीक एवं वेबसाईट उपसमिति के चेयरमैन श्री कैलाशपति तोदी।

पात्राओं के चयन में सुविधा हो।

सम्मेलन की वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन **श्री आत्माराम सोन्थलिया** ने सम्मेलन के वित्तीय वर्ष २०२०-२१ के आय-व्यय का लेखा–जोखा एवं संतुलन पत्र प्रस्तुत किया और इसके महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। वित्तीय प्रबंधन में विशेष सहयोग हेतु उन्होंने कोषाध्यक्ष **श्री दामोदर बिदावतका** एवं पूर्व कोषाध्यक्षों **श्री कैलाशपति तोदी** तथा **श्री गोपाल अग्रवाल** का आभार व्यक्त किया। विचार-विमर्श के बाद लेखा-जोखा सर्वसम्मति से पारित हुआ। श्री सोन्थलिया ने बताया कि टी.डी.एस. रिफंड की लम्बित पड़ी एक बड़ी राशि पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री गोपाल अग्रवाल के प्रयासों से वापस मिली है। सभा ने करतल ध्वनि से श्री अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रीय महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने वित्तीय वर्ष २०२०-२१ में सम्मेलन के मुख्य कार्यकलापों का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस अवधि में सम्मेलन ने अपनी ऊर्जा और संसाधनों को मुख्यतः कोरोना-राहत सेवाकार्यों पर केन्द्रित किया। उन्होंने पिछली वार्षिक साधारण सभा (११ नवम्बर २०२०; वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से) का कार्यवृत भी प्रस्तुत किया जो सर्वसम्मति से पारित हुआ।

सभा में सर्वसम्मति से सम्मेलन की अगली वार्षिक साधारण सभा तक के लिए सी.ए. **श्री पी.के. लिल्हा** को सम्मेलन का लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया।

सम्मेलन की प्रादेशिक शाखाओं के अध्यक्षों **सर्वश्री ओमप्रकाश अग्रवाल** (झारखंड), **महेश जालान** (बिहार), **पुरुषोत्तम सिंघानिया** (छत्तीसगढ़), **गोविन्द अग्रवाल** (ओडिशा), **नंद किशोर अग्रवाल** (पश्चिम बंग), **डॉ. सुभाष अग्रवाल** (कर्नाटक), **लक्ष्मीपत भूतोड़िया** (दिल्ली), ने अपने-अपने राज्यों की प्रमुख गतिविधियों एवं सेवाकार्यों पर रपट प्रस्तुत की।

वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन **श्री आत्माराम सोन्थलिया** ने कहा कि जिन युवक-युवतियों को सम्मेलन के उच्च शिक्षा कोष से सहायता दी गई है, उन्हें सम्मेलन के साथ जोड़ने एवं उनसे इस कोष में सहयोग का अनुरोध करना चाहिए। सूचना-तकनीक एवं वेबसाईट उपसमिति के चेयरमैन **श्री कैलाशपति तोदी** ने सम्मेलन की वेबसाईट की प्रगति के विषय में बताया और उपस्थितों से अनुरोध किया कि इसका प्रयोग करें तथा इसकी कमियों या प्रयोग में कठिनाइयों पर ध्यान आकृष्ट करें। **श्री दिनेश जैन** ने ई-मेम्बरशिप के विषय में विचार करने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे पूरे विश्व में कहीं से भी इच्छुक व्यक्ति सम्मेलन से जुड़ सकते हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री भानीराम सुरेका**, संयुक्त महामंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल**, **सर्वश्री कमल नोपानी**, **रमेशचंद्र बंग**, **निर्मल काबरा** आदि ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखे। संयुक्त महामंत्री **श्री सुदेश अग्रवाल** ने धन्यवाद-ज्ञापन किया।

वार्षिक साधारण सभा में सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण सर्वश्री पवन गोयनका, पवन सुरेका, अशोक जालान एवं विजय कुमार लोहिया, संगठन मंत्री श्री बसन्त कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका, सर्वश्री शिव कुमार लोहिया, राजकुमार केडिया, डॉ. ओम प्रकाश प्रणव, रतन लाल बंका, डॉ. सावर धनानिया, अरुण सुरेका, गोपी धुवालिया, अरुण अग्रवाल, ओमप्रकाश पोद्दार, रामपाल अट्टल, पवन शर्मा, बाबूलाल अग्रवाल, कमल केडिया, चंडीप्रसाद डालमिया, रवि शर्मा, अरुण प्रकाश मल्लावत, विनोद जैन, अनिल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, उमेश शाह, योगेन्द्र कुमार तुलस्यान, नंदकिशोर पाटोदिया, बजरंग लाल अग्रवाल, राजेन्द्र मेहरिया, सांवरमल शर्मा, संजय सर्राफ, भगवती प्रसाद भुवालका, संजय शर्मा, सुरेश चौधरी, निरंजन अग्रवाल, मुरारिलाल खेतान, राम अवतार अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, अशोक मोदी, प्रमोद चौधरी, दीपेश निराला, रंजीत डालमिया, हरिकृष्ण अग्रवाल, प्रदीप जैन, प्रेम कुमार अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, प्रमोद बाजला, दीपक पारीक, मुकेश कुमार जालान, ओम प्रकाश अग्रवाल, राजीव कुमार अग्रवाल, पवन पोद्दार, शशिकांत सिंघला, मुकेश कुमार जैन, श्रीमती पुष्पा भुवालका सहित पूरे देश से सम्मेलन के पदाधिकारी–सदस्यगण अच्छी संख्या में उपस्थित थे।

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन : अक्तूबर २०२१ की गतिविधियाँ

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा अक्तूबर माह में **अग्रकुल–प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की जयंती** मनाई गई। इस अवसर पर सम्मेलन भवन, पटना में हवन-पूजन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात महाराजा अग्रसेन जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर वार्ता आयोजित की गई।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं नवरात्रि के शुभ अवसर पर महावारी के समय गंदा कपड़ा इस्तेमाल करने से होने वाली गंभीर बीमारियों से छात्राओं को बचाने के लिए "**स्वच्छ बेटियाँ : स्वस्थ समाज**" कार्यक्रम की घोषणा की गई।

माह के अंत में प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री महेश जालान** की उत्तराखंड यात्रा के क्रम में उत्तराखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने सम्मान समारोह और कार्यकारिणी समिति के साथ बैठक का आयोजन किया। उपस्थित सदस्यों के साथ परस्पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री संतोष खेतान** एवं उनकी टीम को बिहार प्रान्त में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों और

गतिविधियों की जानकारी दी गई और उत्तराखंड में सम्मेलन के विस्तार पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस आयोजन के समन्वय में उत्तराखंड के संस्थापक प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री रंजीत जालान** की अग्रणी भूमिका रही।

Krishi Rasayan Group

29, Lala Lajpat Rai Sarani (Elgin Road),
Kolkata - 700020, West-Bengal, India
www.krishirasayan.com
E-mail: atul@krishirasayan.com
Telephone: +91-33-71081010/11

With more than 50 years of experience in the agro-chemical business and being one of the oldest and leading agrochemical companies of India, **Krishi Rasayan** is touching new heights with each passing day.

The continuous process of upgradation, development and inherent changes according to the market requirements have helped **Krishi Rasayan** become a leader in the domestic circuit. **Krishi Rasayan** is expanding word-wide with exports and overseas registrations focusing on South-East Asia, Africa, Middle-East, CIS and Latin America.

Krishi Rasayan has 8 multi-location manufacturing plants in different parts of India and has 5 overseas subsidiaries.

It also boasts of having contract technical manufacturing units in India manufacturing Pretilachlor, Ethephon, Cypermethrin, Profenofos, Imidacloprid, Thiamethoxam, Metalaxyl, Metribuzin, Acetamiprid, Glyphosate, Tricyclazole, Butachlor, Emamectin benzoate, Difenconazole and Chlorpyriphos.

Additional technical products to be added are under process. The company has technical tie-ups and contract manufacturing with various companies in China and also has an office in Shanghai, China.

The company has many products including formulations such as EC, SC, WDG, SP, GR, EW and CS

Krishi Rasayan specializes in many combination products & bio-products. GLP data are available for most of the products; both 5-batch and 6-pack study.

Insecticides:
Deltamethrin 1% + Triazofos 35% EC, Profenofos 40% + Cypermethrin 4% EC, Ethion 40% + Cypermethrin 4% EC, Chlorpyriphos 50% + Cypermethrin 5% EC, Acephate 25% + Fenvalerate 3% EC, Buprofezin 15% + Acephate 35% WP, Profenofos 20% + Cypermethrin 2% EC, Deltamethrin 2.5% + Permethrin 2.5% EC, and many other forumlations available.

Fungicides:
Metalaxyl 8% + Mancozeb 64% WP, Carboxin 37.5% + Thiram 37.5% DS, Carbendazim 12% + Mancozeb 63% WP, Streptomycin sulphate + Tetracycline hydrochloride (90:10), Iprodione 25% + Carbendazim 25% WP, Cymoxanil 8% + Mancozeb 64% WP, etc

Weedicides:
Metsulfuron methyl 10% + Chlorimuron ethyl 10% WP & other formulations available.

PGR's:
6BA, Amino Acids, Ethephon, Gibberallic Acid, Hydrogen Cynamide, Tricontanol

Bio-Products:
Bacillus thuringiensis var kurstaki 7.5% WP, Trichoderma harzianum 2% WP, Trichoderma viride 1% WP, Pseudomonas fluorescens 0.5% WP, Neem Oil, Azadirachtin, Beauveria bassiana 1.15% WP, Verticillium lecani 1.15% WP and other formulations available.

Apollo
TOUCHING LIVES

Certificate No. : M-0342
NABL Accredited

Apollo Clinic
Expertise. Closer to you.

P-72, Prince Anwar Shah Road, Opp. South City Mall, Kolkata-700 045
Tel. : 4021-2525-55, E-mail : pashahroad@theapolloclinic.com

SERVICES AT A GLANCE

- **Laboratory Services - Advanced Automatic Equipments**
- **Radiology**
  - MRI / CT / Scan | - Digital X-Ray
  - Ultrasonography | - Colour Doppler Study
- **Cardiology**
  - ECG | - Echo-Cardiography
  - Echo-Colour Doppler | - Holter Monitoring
  - Treadmill Test (TMT)
- **Wide Range of Pathology**
- **Pulmonary Function Test**
- **UGI Endoscopy / Colonoscopy**
- **Physiotherapy**
- **EEC / EMG / NCV**
- **General & Cosmetic Dentistry**
- **Elder Care Service**
- **Sleep Study (PSG)**
- **EYE / ENT Care Clinic**
- **Gynae and Obstetric Care Clinic**
- **Haematolgy Clinic**
- **Personalised Care (Injection, Dressing, ECG etc.) at your doorstep**
- **Health Check-up Packages**
- **Online Reporting**
- **Report Delivery**

Home Blood Collection

(033) 4021-2525, 97481-22475

98301 96659

Consultation I Diagnostics I Dentistry I Health Checks

To your taste buds, with love...

Refreshingly, yours.

Indulgently, yours.

Addictively, yours.

Spicily, yours.

Healthily, yours.

Nourishingly, yours.

Delightfully, yours.

Obsessively, yours.

Temptingly, yours.

Passionately, yours.

Snackingly, yours.

Yours Tastefully Anmol™

celebrating 25 years

BISCUITS

www.anmolindustries.com | Follow us on:

PHONEX ROADWINGS

STEVEDOR & SHORE HANDLING AGENT

Our Services

- Port Stevedoring & Cargo Handling of Both Bulk Break bulk cargo
- Shipping / Steamer Handling Agent
- Road Transportation
- In bound & Out bound Logistics
- Container Freight Services

A-1/46/1, New Paharpur Road,
Rabindranagar, Kolkata – 700 066
E-mail : phonex.roadwings@gmail.com
roadwingsinternational@gmail.com

PIC - Nikunj Gourisaria , Mob. 9833933729, E-mail : nikunj.gourisaria@gmail.com

